**विधान परिषद के प्रथम सत्र 2025 के द्वितीय शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री राम सूरत राजभर, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-36 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 36 (क) क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि प्राथमिक विद्यालय पटना खरगौरा हरिहरपुर रानी, जनपद श्रावस्ती, में विद्यालय में फैली अनियमितता, विद्यालय अनुदान राशि व भ्रष्टाचार के संबंध में कार्यवाही कराये जाने हेतु आनन्द कुमार सिंह, उप सचिव, उ०प्र० शासन बेसिक शिक्षा अनुभाग का पत्र दिनांक 29 नवम्बर, 2024 जो कि शिक्षा निदेशक, बेसिक उ०प्र० लखनऊ को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है? | जी हां। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र के साथ संलग्न प्रार्थना-पत्रों के मुख्य बिन्दु क्या थे और उन बिन्दुओं व शासन के उक्त पत्र के आधार पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है? | उक्त पत्र के साथ संलग्न प्रार्थना पत्र के मुख्य बिन्दु निम्नवत है:-<br>1- स्कूल की मरम्मत एवं रखरखाव<br>2- खेल सामग्री का अभाव<br>3- फर्नीचर एवं कक्षाओं की स्थिति<br>4- मिड-डे-मील की स्थिति<br>5- प्रभारी की लापरवाही<br>उक्त पत्र के क्रम में प्रकरण की प्राथमिक जांच करायी गयी है। प्राथमिक जांचोपरान्त जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जांच आख्या दिनांक 23.12.2024 के क्रम में अपचारी शिक्षिका को निलंबित करते हुए विभागीय जांच संस्थित की गयी है। |
| (ग) यदि नहीं तो उक्त प्रकरण में अब तक कार्यवाही न किये जाने हेतु कौन कौन जिम्मेदार अधिकारी उत्तरदायी है? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) उक्त का उत्तरदायित्व निर्धारित कराते हुए कब तक उक्त प्रकरण पर कार्यवाही पूर्ण करायेंगे? | निर्धारित समय-सीमा में विभागीय जांच प्रक्रिया पूर्ण कर ली जायेगी। |
| (ड़) यदि नही, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

संदीप सिंह

राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)।